दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 14 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

02. आम्बेडकर जयंती पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के लिए डॉक्टर आम्बेडकर समग्र सेवा अभियान की शुरूआत करेंगे।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स के मशाल, जर्सी, थीम सांग और शुभंकर का अनावरण आज।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के सत्ताईस जिलों में आज तेज बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया अलर्ट।

---

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की एक सौ चौंतीसवीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट..

–––रिपोर्ट–––

इधर, राजधानी पटना में हाईकोर्ट के पास स्थित डॉक्टर अम्बेडकर की प्रतिमा के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोग बाबा साहब को श्रद्धाजंलि अर्पित करेंगे।

---

आम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज प्रदेश में समग्र सेवा अभियान की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के इस विशेष अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री कुमार ने बाबा साहब आम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत एससी–एसटी सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

के छह सौ लाभुकों को एक मुश्त राशि का अंतरण करेंगे। समग्र सेवा अभियान का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों का सर्वांगीण विकास करना है। अभियान के तहत राज्य के साठ हजार से अधिक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति टोलों में विशेष विकास शिविर लगाकर बाईस योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों की आधी पंचायतों के एक–एक टोले में बुधवार और शेष पंचायतों के एक–एक टोले में शनिवार को शिविर लगाया जाएगा।

---

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा सभी जिलों में विचार गोष्ठी आयोजित करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, राजद ने आज प्रदेश के सभी पंचायतों के दलित टोलों में आम्बेदकर जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इधर, कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों और प्रखंडों में भीम शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने इस संबंध में सभी जिलों में जिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी रालोजपा की ओर से भी पटना के बापू सभागार में मां संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

---

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि बिहार के लिए नब्बे हजार करोड़ रूपये की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। इस योजना के अंतर्गत सात सौ चौरासी राजमार्ग परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए अगले दो वर्षों में दस लाख करोड़ रूपये का निवेश करने की योजना है।

---

केंद्र सरकार ने प्रदेश के तीन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए माईक्रो एंड स्मॉल इंटर प्राईजेज कलस्टर डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत सत्ताईस करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत दरभंगा के धर्मपुर, मधेपुरा के मुरलीगंज और सहरसा के औद्य़ोगिक क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि

इन तीनों क्षेत्रों को विकसित करने का काम केंद्रीय सुक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार के सहयोग से किया जाएगा।

---

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार वरिष्ठ अधिकारियों को तबादला किया है। साथ ही दो अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेवारी सौंपी गयी है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार समाज कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। राजस्व पर्षद की अपर सदस्य डॉ. सफीना ए.एन. का तबादला करते हुए मगध प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। साथ ही उन्हें बिपार्ड गया के अपर महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी को स्थानांतरित करते हुए समाज कल्याण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वे बिहार राज्य महिला विकास निगम के प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगी। इधर, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह को उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

---

मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों के सत्ताईस जिलों में आंधी—पानी और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। वहीं, प्रदेश के अन्य भागों में कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने बताया है कि सोलह अप्रैल तक राज्य के मौसम में उतार—चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। इस दौरान प्रदेश के कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश हो सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा, किशनगंज, बांका और भागलपुर सहित प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई। वहीं, शनिवार देर रात आयी तेज आंधी में पूर्णिया, खगड़िया और शेखपुरा में काफी नुकसान पहुंचा है।

---

मिथिलांचल का लोकपर्व जुड़–शीतल की आज से शुरुआत हो रही है। मिथिला में इसे नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। जुड़ शीतल पर सभी लोग जल की पूजा करते है और शीतला देवी से शीतलता की कामना करते हैं। दो दिवसीय इस पर्व में पहले दिन सतुआन और दूसरे दिन यानि कल पारंपरिक धुरखेल होगा। यह पर्व सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश देता है। इधर, ग्रीष्म ऋतु के शुरूआत के तौर पर आज सतुआनी का पर्व भी मनाया जा रहा है। आज के दिन सत्तू और आम की चटनी खाने का रिवाज है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक विशेष परीक्षा–दो हजार पच्चीस के लिए प्रायोगिक परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा उनतीस से तीस अप्रैल तक होगी। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि वैसे परीक्षार्थी जो मैट्रिक विशेष परीक्षा में पहली बार शामिल होंगे, उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा।

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से पच्चीस से तीस अप्रैल तक सत्तरवीं संयुक्त मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी।

---

राज्य में चार से पन्द्रह मई तक आयोजित हाने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस के प्रतीक और शुभंकर का अनावरण आज किया जायेगा। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका अनावरण करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहेंगे। वहीं, केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग, मशाल और जर्सी का आज शाम अनावरण करेंगे। यह कार्यक्रम पटना के ज्ञान भवन में आयोजित होगा। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और पद्मश्री बाईचुंग भूटिया भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन राज्य के पाँच जिलों पटना, नालंदा, गया, भागलपुर और बेगूसराय में किया जायेगा।

---

श्रीलंका में संपन्न रीट जबरी रीले चैंपियनशिप में बिहार के सेतु मिश्रा ने कांस्य पदक जीता है। सेतु मिश्रा पश्चिम चंपारण जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने इस

प्रतियोगिता के अंडर–ट्वेंटी पुरूष के रीले स्पर्धा में यह सफलता हासिल की है। इधर, बांका में दो दिवसीय ओपन इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। इस प्रतियोगिता में मेजबान बिहार सहित देशभर के एक सौ पचासी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

---

पटना साहिब के कंगन घाट मैदान पर आज से दो दिवसीय पटना साहिब महोत्सव की शुरूआत हो रही है। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित महोत्सव के दौरान मशहूर पार्श्व गायिका ममता जोशी, स्वाति मिश्रा, लोक गायिका नितु कुमारी नवनीत समेत कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

---

अररिया जिले के बौंसी थाना और फुलकाहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक महिला सहित बारह वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

औरंगाबाद जिले के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा मनोरत गांव से पुलिस ने ग्यारह साल से फरार चल रहे नक्सली मुकेश यादव उर्फ सुखदेव यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर रंगदारी, खुफिया जानकारी जुटाने और नक्सलियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देने समेत कई मामले दर्ज हैं।

मधुबनी के जयनगर स्थित बथनाहा चेक पोस्ट से एसएसबी ने एक विदेशी नागरिक को पासपोर्ट और वीजा नियमों का उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति पश्चिम अफ्रीका का बताया गया है। वह भारत से नेपाल की ओर जा रहा था।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान का शीर्षक है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – हमने विकास में किसी की उपेक्षा नहीं की। भीम संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा– बिहार को और आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है – बिहार में मई के अंत तक फिल्म पोर्टल लॉन्च होगा। शूटिंग के लिए एनओसी में होगी आसानी। अखबार लिखता है – राज्य के जिलों में ग्यारह फिल्मों की होगी शूटिंग।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर लगेगा अंकुश। स्कूलों पर सख्ती के लिए केंद्र सरकार एक मॉडल ड्राफ्ट करेगी तैयार।

प्रभात खबर ने मौसम की खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – आज दक्षिण–मध्य, दक्षिण–पूर्व और उत्तर–मध्य बिहार में थंडर स्टॉर्म की आशंका, ऑरेंज अलर्ट जारी।

आज अखबार का शीर्षक है – बिहार में दवा लाईसेंस के लिए नई प्रणाली लागू।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

02. आम्बेडकर जयंती पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के लिए डॉक्टर आम्बेडकर समग्र सेवा अभियान की शुरूआत करेंगे।

03. खेलो इंडिया यूथ गेम्स के मशाल, जर्सी, थीम सांग और शुभंकर का अनावरण आज।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के सत्ताईस जिलों में आज तेज बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।